**न्यायालयः अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश (लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम) कक्ष संख्या–3, जनपद अमरोहा**

सिविल अपील संख्या- 49/2022

CNR No. UPJB010059642022

जुहैब खां बनाम श्रीमती चान्दनी उर्फ दलजीत कौर आदि

**आदेश**

**<u>15.02.2024</u>:-**पत्रावली पेश हुई। बार–बार पुकार कराये जाने के उपरांत भी अपीलार्थी की ओर से कोई उपस्थित नहीं है और न ही कोई स्थगन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि अपीलार्थी विगत अनेक तिथियों से उपस्थित नहीं आ रहा है। विपक्षीगण की ओर से विद्वान अधिवक्ता उपस्थित हैं। समय 4.00 पी.एम. हो चुका है। ऐसा प्रतीत होता है कि अपीलार्थी को उक्त विविध सिविल अपील को चलाने में अब कोई रूचि नहीं है। ऐसी स्थिति में उक्त विविध सिविल अपील को आगे चलाये जाने का कोई औचित्य प्रतीत नहीं होता है। विविध सिविल अपील अपीलार्थी अनुपस्थिति तथा विपक्षीगण की उपस्थिति में निरस्त किये जाने योग्य है।

तदनुसार प्रश्नगत विविध सिविल अपील अपीलार्थी की अनुपस्थिति तथा विपक्षीगण की उपस्थिति में निरस्त की जाती है। पत्रावली अभिलेखागार संचित की जाये।

**(संजय कुमार–IV)**
(J.O. Code-UP 6462)
अपर जिला जज/
विशेष न्यायाधीश(पॉक्सो अधि.),क.सं.–3
अमरोहा
15.02.2024

Digitally signed by Sanjay Kumar IV
Date: 2024.02.16 11:05:06 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court